UPSI050007402022

**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), सीतापुर।**

**प्रकीर्ण दीवानी वाद सं०-100/2022**

C.I.S. NO-215/2022

**दीपक द्विवेदी बनाम लालता प्रसाद द्विवेदी आदि।**

---------------------------------

पत्रावली वास्ते आदेशार्थ पेश हुई। प्रार्थी मय विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र 20 ग 1 अन्तर्गत आदेश 6 नियम 17 सी.पी.सी. मय शपथ-पत्र 20 ग 2 वास्ते संशोधन सुना गया।

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना-पत्र 20ग1 वास्ते संशोधन मुख्य रूप से इस आशय का कथन करते हुए प्रस्तुत किया गया है कि वाद पत्र के साथ संलग्न सूची ब में विवरण सम्पत्ति में बचत खाता संख्या 30415849586 के सामने लिखे 50,000 रूपए को काटकर उसके स्थान पर 57,871.01, खाता संख्या 30415843947 में अंकित धनराशि 50,000 रूपए को काटकर उसके स्थान पर 3,69,457.01, वाद पत्र में क्रमांक 3 पर अंकित एफ०डी० खाता संख्या 32209605050 के सामने अंकित धनराशि 60,000 रूपये को काटकर उसके स्थान पर 1,47,005.00, संलग्न सूची ब के क्रमांक 4 व 5 पर अंकित एफ० डी० खाता संख्या 33610692357 व 35087892524 में अंकित क्रमशः 60,000 रूपये व 80,000 को यथावत रखा जाए तथा सूची ब के क्रमांक 6 पर अंकित खाता एफ०डी० नंबर-30562565683 के सामने अंकित धनराशि 2,24,590.00 को काटकर उसके स्थान पर मु० 2,18,790.00 लिखा जावे व कुल धनराशि मु० 5,54,590 को काटकर उसके स्थान पर मु० रूपये 9,53,123 रूपये 92 पैसे लिखे जाने की याचना की गयी है।

संशोधन प्रार्थना-पत्र के विरूद्ध कोई भी आपत्ति प्रस्तुत नहीं है।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी द्वारा वाद -पत्र तथा सूची-ब में वर्णित धनराशि को संशोधित किये जाने की याचना की गयी। उपर्युक्त प्रार्थना -पत्र के विरूद्ध कोई भी आपत्ति प्रस्तुत नहीं है। उक्त के संबंध में भारतीय स्टेट बैंक, सिधौली द्वारा जारी अद्यतन विवरण पत्रावली पर उपलब्ध है। ऐसे में आवश्यक संशोधन से प्रस्तुत मामले के न्याय निर्णयन में सुगमता होगी। अतः न्यायहित में प्रार्थना-पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रार्थना-पत्र 20ग1 न्यायहित में स्वीकार किया जाता है। प्रार्थी /वादी आवश्यक अविलम्ब करना सुनिश्चित करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना-पत्र 3 ग 1 दिनांक 01.05.2024 को पेश हो।

**दिनांकः-19.04.2024**

**( श्रीमती सुदेश कुमारी )**
सिविल जज (सी०डि०),
सीतापुर।
**JO Code-UP2157**

अम्बुज/-

Digitally signed by Sudesh Kumari
Date: 2024.04.19 16:07:02 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court Sitapur